Submission regarding Viksit Bharat Gurantee for Rojgar and Ajeevika Mission Gramin: VB-G RAM G

माननीय अध्यक्ष **:** आइटम नंबर 25, माननीय मंत्री जी ।

(व्यवधान)

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Sir, the sense of the House is very clear. The employment guarantee, which this Bill assures to provide to the poor people of the country, is going to be in danger. The sense of the entire House is that this Bill should be sent either to a Standing Committee or to a Joint Parliamentary Committee. (*Interruptions*) We are ready to cooperate with the Government on this issue. (*Interruptions*) We humbly request the Government to send it either to a Standing Committee or to a Joint Parliamentary Committee. (*Interruptions*) That is the only demand. (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, कृपया एक मिनट बैठ जाइए ।

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, एक मिनट बैठ जाइए । आपका यह तरीका ठीक नहीं है । सभी लोग बैठिए और मेरी बात सुनिए । आपने विषय उठाया है, मैं आपको बताता हूँ ।

माननीय सदस्यगण, माननीय सदस्य ने सेंस ऑफ हाउस का मामला उठाया है, लेकिन इस विषय को लेकर, इस विधेयक को लेकर 98 माननीय सदस्यों ने अपने विचार रखे हैं । रात को 1:30 बजे तक इस विधेयक पर चर्चा हुई । सभी दलों के सभी माननीय सदस्यों के इस विधेयक पर विचार आये ।

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** मैं खुद रात को 1:30 बजे तक यहां पर था । जो भी माननीय सदस्य इस विधेयक पर अपने विचार व्यक्त करना चाहते थे, अपना दृष्टिकोण व्यक्त करना चाहते थे, मैंने सबको मौका दिया । चाहे एक दल का व्यक्ति हो, चाहे किसी भी दल का व्यक्ति हो । शायद 98 माननीय सदस्यों ने इस पर अपने विचार रखे हैं ।

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** मेरा हमेशा प्रयास रहता है कि हर विधेयक पर सदन में व्यापक चर्चा हो । माननीय सदस्य ने कल यह विषय उठाया था कि इस पर चर्चा के लिए कितना समय होगा । मैंने उस समय भी कहा था कि समय की कोई कमी नहीं रहेगी, विधेयक पर सबके विचार, सबका दृष्टिकोण आना चाहिए । आपने समय के लिए कहा, मैंने आपके कहने से समय बढ़ा दिया ।

(व्यवधान)

श्री के. सी. वेणुगोपाल : सर, आप अच्छा काम करते हैं । आपने अच्छा काम किया है । (व्यवधान) All the hon. Members have asked for sending it to the Standing Committee. (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : यह संसदीय परम्पराओं के लिए उचित नहीं है । मेरा आपसे आग्रह है कि जिस तरीके से माननीय मंत्री जी ने खुद लगातार 1:30 बजे तक बैठकर सबके विचार सुने हैं, आप भी माननीय मंत्री महोदय के विचार सुनो । इस पर 8 घंटे की चर्चा हो चुकी है । इस पर 4 घंटे समय का आवंटन हुआ था, उससे दोगुनी चर्चा इस विधेयक पर हो चुकी है । इस पर बहुत ज्यादा चर्चा सदन में हुई है ।

माननीय मंत्री शिवराज सिंह जी ।

(व्यवधान)